743. अजमेर–मेरवाड़ा का राजस्थान में कब विलय हुआ?

(a) 1 नवंबर, 1956 (b) 2 जनवरी, 1950

(c) 10 अप्रैल, 1952 (d) 8 नवंबर, 1948

Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019
कनिष्ठ, अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018
RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (a) : अजमेर-मेरवाड़ा का राजस्थान राज्य में 1 नवम्बर 1956 को विलय किया गया। तत्कालीन जयपुर जिले के किशनगढ़ उपमंडल को इसमें जोड़कर अजमेर जिला बनाया है। अजमेर राजस्थान का संभाग बना। जबकि अजमेर का पुराना नाम अजयमेरू है।

744. अजमेर-मेरवाड़ा के विलय के साथ राजस्थान राज्य के एकीकरण की प्रक्रिया किस वर्ष पूर्ण हुई?

(a) 1956 (b) 1955

(c) 1954 (d) 1953

RPSC-2011

Ans. (a) : उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

745. आज़ादी के बाद जोधपुर के कौन से शासक अपनी रियासत को एक स्वतंत्र इकाई रखना चाहते थे?

(a) महाराजा हनुवन्त सिंह (b) महाराजा उम्मेद सिंह

(c) महाराजा भीम सिंह (d) महाराजा भूपाल सिंह

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020
Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019

Ans. (a) : रियासतों के विलय के समय जोधपुर राज्य के महाराजा हनुवन्त सिंह थे। भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् जोधपुर के शासक महाराजा हनुवंत सिंह अपनी रियासत को एक स्वतंत्र इकाई के रूप में रखना चाहते थे। सर्वप्रथम हनुवंत सिंह जिन्ना से विलय संबंधी विचार किये थे लेकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल के आश्वासन पर 30 मार्च 1949 को जोधपुर राज्य का राजस्थान का चौथा एकीकरण चरण के अन्तर्गत वृहद राजस्थान के रूप में विलय किया गया और हनुवंत सिंह को वृहद राजस्थान का वरिष्ठ उप-राजप्रमुख नियुक्त किया गया।

746. रियासतों के विलय के समय जोधपुर राज्य का महाराजा कौन था?

(a) जसवंत सिंह द्वितीय (b) उम्मेद सिंह

(c) हनुवन्त सिंह (d) गजसिंह

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (c) : उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

747. राजपूत राज्यों से संधि करने वाला अंग्रेजों के तरफ से अधिकारी कौन था?

(a) मेटकॉफ

(b) कर्नल टॉड

(c) आक्टरलोनी

(d) माउंटस्टुआर्ट इल्फिंस्टोन

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020
कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a) : राजपूत राज्यों से संधि करने वाला अंग्रेज अधिकारी चार्ल्स मेटकॉफ था। लार्ड हेस्टिंग्स के आदेश पर 1818 ई. में चार्ल्स मेटकॉफ ने सहायक संधियों को सम्पन्न किया था।

748. सन्त मीराबाई का जन्म स्थान ''कुडकी'' वर्तमान में राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) उदयपुर (b) चित्तौडगढ़

(c) राजसमंद (d) पाली

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (d) : संत मीराबाई का जन्म स्थान 'कुडकी' वर्तमान में राजस्थान के पाली जिले में है। इनके पिता का नाम राव रत्नसिंह था। इनका विवाह भोजराज के साथ हुआ था। मीराबाई एक कवयित्री तथा भगवान कृष्ण की भक्त थी। संत रैदास या रविदास उनके गुरू थे।

749. राजस्थान में अजमेर के विलय के समय वहाँ का मुख्यमंत्री कौन था?

(a) हरिविलास शारदा (b) बालकृष्ण कौल

(c) हरिभाऊ उपाध्याय (d) हीरालाल शास्त्री

प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)
48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (c) : राजस्थान में अजमेर के विलय के समय वहाँ के मुख्यमंत्री हरिभाऊ उपाध्यक्ष थे। राजस्थान का एकीकरण सात चरणों में सम्पन्न हुआ। अजमेर का विलय सातवें चरण में 1 नवम्बर, 1956 ई. को किया गया।

750. निम्नलिखित में से कौन सा कृषक आन्दोलन भील जनजाति से सम्बन्धित है?

(a) नीमूचाणा (b) भगत

(c) ज़कात (d) मेवाड़ पुकार

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (b) : भगत आन्दोलन मुख्य रूप से भील जनजाति के किसानों द्वारा शुरू किया गया था। इस आन्दोलन का वास्तविक जनक गोविन्द गिरी था। जिसका जन्म 1858 में राजस्थान के डुंगरपुर जिले के बांसिया गाँव में एक बंजारे के घर में हुआ था। यह दयानंद सरस्वती का आदिवासी शिष्य था।

751. किस देशी रियासत ने विलय पत्र पर सर्वप्रथम हस्ताक्षर किए?

(a) मेवाड़ (b) बीकानेर

(c) जोधपुर (d) कोटा

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (b) : बीकानेर नरेश सार्दूल सिंह, राजस्थान के पहले शासक थे, जिन्होंने भारत संघ में विलय पत्र पर हस्ताक्षर किये। ये 1943 से 1949 तक बीकानेर के अन्तिम शासक महाराजा थे। ये किंग जार्ज पंचम के राज्याभिषेक व दिल्ली दरबार में भी भाग लिये।

752. राजपूताना मध्य भारत सभा कब स्थापित की गयी थी?

(a) 1916 में (b) 1917 में

(c) 1918 में (d) 1919 में

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (c) : राजपूताना मध्य भारत सभा की स्थापना वर्ष 1918 में जमनालाल बजाज, विजय सिंह पथिक और गणेश शंकर विद्यार्थी के प्रयासों से हुई। इसका मुख्यालय ''कानपुर'' था। इसका प्रथम अधिवेशन मारवाड़ी पुस्तकालय चाँदनी चौक (दिल्ली) में आयोजित किया गया था।